## सूरत, नीलगिरि, वाग्शीर

भारतीय प्रधानमंत्री ने 15 जनवरी को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में युद्धपोत आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को राष्ट्र को समर्पित किया।

**प्रमुख बिंदु:**

- **महत्त्व:** यह दो युद्धपोत और एक पनडुब्बी का जलावतरण देश के रक्षा विनिर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक नेता बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- **आईएनएस सूरत:** पी15बी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक परियोजना का चौथा और अंतिम जहाज आईएनएस सूरत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे परिष्कृत विध्वंसक जहाजों में से एक है।
  - इसमें **75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री** है और यह अत्याधुनिक हथियार-सेंसर पैकेज और उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं से लैस है।
- **आईएनएस नीलगिरि:** पी17ए स्टील्थ फ्रिगेट परियोजना का पहला जहाज आईएनएस नीलगिरि भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है।
  - इसमें बेहतर उत्तरजीविता, समुद्री योग्यता और गुप्त रहने की क्षमता के लिए उन्नत विशेषताएं शामिल हैं, जो स्वदेशी फ्रिगेट की अगली पीढ़ी का प्रतीक है।
- **आईएनएस वाग्शीर:** पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर पनडुब्बी भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व करती है और इसका निर्माण **फ्रांस के नौसेना समूह के सहयोग से** किया गया है।

**श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर**

- प्रधानमंत्री द्वारा **नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन की परियोजना** श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया गया।
- **नौ एकड़** में फैली इस परियोजना में कई देवताओं वाला एक मंदिर, एक वैदिक शिक्षा केंद्र, प्रस्तावित संग्रहालय और सभागार, उपचार केंद्र आदि शामिल हैं।

## उत्कर्ष

भारतीय नौसेना द्वारा उत्कर्ष पोत को 13 जनवरी 2025 को एलएंडटी, कट्टुपल्ली, चेन्नई में लॉन्च किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- यह मैसर्स एलएंडटी शिपयार्ड द्वारा निर्मित दो बहुउद्देश्यीय पोतों में से दूसरा पोत है।



- इस पोत का नाम 'उत्कर्ष' रखा गया है जिसका अर्थ है **'उत्कृष्ट आचरण'**।
- **पृष्ठभूमि:** रक्षा मंत्रालय और मेसर्स एलएंडटी शिपयार्ड के बीच **25 मार्च 2022** को दो बहुउद्देश्यीय पोतों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- **विशेषता:** ये बहुउद्देश्यीय पोत जहाजों को खींचने, विभिन्न लक्ष्यों का शुभारंभ करने और पुनर्प्राप्त करने, मानव रहित स्वायत्त वाहनों को संचालित करने और विकास के तहत विभिन्न स्वदेशी हथियारों एवं सेंसर के लिए एक परीक्षण मंच के रूप में कार्य करने में सक्षम होंगे।
- **लम्बाई:** 106 मीटर लंबे इन पोतो को 15 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त करने के लिए डिज़ाइन किया गया है ।
- **महत्त्व:** यह प्रयास स्वदेशी जहाज निर्माण की दिशा में भारतीय नौसेना के प्रयासों के अनुरूप है और भारत सरकार के **आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल** के दृष्टिकोण के अनुरूप, स्वदेशी जहाज निर्माण में देश की प्रगति को दर्शाता है।

## सीआईएसएफ बटालियन

सीआईएसएफ के बेड़े में दो बटालियन शामिल करने की घोषणा की गयी है।

**प्रमुख बिंदु:**

- गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सीआईएसएफ को मजबूत करने के प्रयासों के तहत दो नई बटालियनों के गठन को मंजूरी दी है।
- प्रत्येक बटालियन में **1025 जवान** होंगे।

- इन दो बटालियनों के बाद 10 मार्च 1969 को करीब तीन हजार जवानों से शुरू हुआ सीआईएसएफ **करीब दो लाख जवानों का बल** बन जाएगा।
- इन दो बटालियनों के साथ सीआईएसएफ में बटालियनों की संख्या 13 से बढ़कर **15** हो जाएगी।
- सीआईएसएफ देश में 350 से अधिक संस्थानों को सुरक्षा प्रदान करती है, जिनमें संसद, दिल्ली मेट्रो, हवाई अड्डे और परमाणु संयंत्र शामिल हैं।

## राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का उद्घाटन किया।

**प्रमुख बिंदु:**

- **लक्ष्य:** इसकी स्थापना के साथ ही अगले पांच वर्षों में हल्दी का उत्पादन दोगुना कर 20 लाख टन करने का लक्ष्य रखा गया है।
- **अध्यक्ष:** पल्ले गंगा रेड्डी को बोर्ड का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- **मुख्यालय:** राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का मुख्यालय तेलंगाना के **निजामाबाद** में स्थापित किया गया है।
- **विशेष ध्यान:** हल्दी बोर्ड महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मेघालय सहित 20 राज्यों में हल्दी किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान देगा।

**विशेष सन्दर्भ :**

- हल्दी को **'गोल्डन स्पाइस'** कहा जाता है।
- भारत दुनिया का सबसे बड़ा हल्दी उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है।
- वर्ष 2023-24 में भारत में 3.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई थी, जिसमें 10.74 लाख टन उत्पादन हुआ था। और भारत में हल्दी की लगभग **30 किस्में** उत्पादित की जाती हैं।
- विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी **62%** से अधिक है।
- वित्त वर्ष 2023-24 में **भारत ने 226.5 मिलियन डॉलर मूल्य की 1.62 लाख टन हल्दी** और हल्दी से बने उत्पादों का निर्यात किया।

## चुनाव आयुक्तों की नई नियुक्ति प्रक्रिया

हाल ही में चुनाव आयुक्ति की नियुक्ति प्रक्रिया में कुछ बदलाव की घोषणा की गयी है।

**प्रमुख बिंदु-**

- मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त **(नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023** की धारा 6 और 7 के अनुसार, पहली बार विधि मंत्रालय चयन समिति को प्रस्तावित किए जाने वाले **पांच नामों का एक पैनल तैयार करने** के लिए विधि मंत्री की अध्यक्षता में एक खोज समिति का गठन करेगा।
- **प्रधानमंत्री, एक कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता** वाली चयन समिति इस पैनल से चयन कर सकती है या बाहर से "किसी अन्य व्यक्ति" पर विचार कर सकती है।
- परंपरागत रूप से, मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) का उत्तराधिकारी अगला सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त होता है।
- वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को पद छोड़ेंगे।
- चुनाव आयोग में वर्तमान में मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त - **ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू** शामिल हैं।
- यद्यपि **ज्ञानेश कुमार** शीर्ष पद के लिए संभावित उम्मीदवार बने हुए हैं, परन्तु अधिनियम चयन समिति को चुनाव आयोग के बाहर के नामों पर भी विचार करने का विकल्प देता है।

## महत्वपूर्ण दिन/दिवस

**15 जनवरी**

**भारतीय सेना दिवस**




- भारत में प्रत्येक वर्ष **15 जनवरी** को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है, ताकि देश के लिए सशस्त्र बलों और उनके अपार बलिदानों का सम्मान किया जा सके।

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

- यह दिन **1949 में जनरल केएम करियप्पा** द्वारा भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ के रूप में पदभार संभालने की याद में मनाया जाता है।
- 2025 में **77वां भारतीय सेना दिवस** मनाया गया है।
- इस वर्ष भारतीय सेना दिवस की परेड **पुणे** में हुयी। यह तीसरा अवसर है जब नई दिल्ली के अलावा किसी अन्य शहर में सेना दिवस परेड आयोजित की गयी।
- **वर्ष 2025 का विषय**: 'समर्थ भारत, सक्षम सेना' है, , जो राष्ट्रीय शक्ति और रक्षा क्षमताओं के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## खेल

### खो खो विश्व कप 2025

- खो-खो विश्व कप 2025 का उद्घाटन समारोह **इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली** में हुआ।

**प्रमुख बिंदु:**

- खो खो प्रतियोगिता भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) द्वारा समर्थित है।
- इसके उद्घाटन संस्करण में 20 पुरुष और 19 महिला टीमें भाग लेंगी।
- **टीम ग्रुप:** भारतीय पुरुष टीम नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान के साथ ग्रुप ए में है, जबकि महिला टीम इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, मलेशिया और कोरिया गणराज्य के साथ ग्रुप ए में है। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।
- कबड्डी और मलखंब जैसे अन्य स्वदेशी भारतीय खेलों के साथ **खो खो का प्रदर्शन 1936** के बर्लिन ओलंपिक के दौरान किया गया था।

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

### ओडिशा

- ओडिशा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) को लागू करने वाला **34वां राज्य** बन गया है।
- एबी पीएम-जेएवाई को ओडिशा में मौजूदा **गोपबंधु जन आरोग्य योजना** के साथ मिलकर लागू किया जाएगा।
- यह **प्रति वर्ष प्रत्येक परिवार को 5 लाख रुपये का कवर** प्रदान करेगा, साथ ही महिला सदस्यों के लिए अतिरिक्त 5 लाख रुपये प्रदान करेगा।
- कुल लगभग **1.03 करोड़ परिवार** इस एकीकृत योजना के अंतर्गत आएंगे, जिसमें 67.8 लाख परिवारों को केंद्र सरकार द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी।

### महाराष्ट्र

- **10वें अजंता वेरुल अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव** का आयोजन **15 से 19 जनवरी** तक छत्रपति संभाजीनगर में किया जाएगा।
- यह महोत्सव भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से हो रहा है और इस महोत्सव को **प्रोजोन मॉल से विशेष समर्थन** मिला है।

## वैश्विक-समसामयिकी

### रूस

- रूस ने कुडनकुलम संयंत्र में छठी बिजली इकाई के लिए रिएक्टर पोत को नोवोरोसिएस्क बंदरगाह से निर्माण स्थल पर भेजा है।
- रोसाटॉम के मशीन-बिल्डिंग डिवीजन एटमैश द्वारा निर्मित 320 टन वजनी उपकरण को 2024 के अंत में भेज दिया गया था।
- तमिलनाडु में कुडनकुलम संयंत्र, जिसमें 6 रिएक्टर होंगे, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 6,000 मेगावाट होगी, **भारत का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र** है और यह रूसी-भारतीय ऊर्जा सहयोग की प्रमुख परियोजना है।
- उत्पादन की शुरुआत से VVER-1000 रिएक्टर पोत के निर्माण के लिए उत्पादन चक्र दो साल का है।

### स्पेन

- भारतीय विदेश मंत्री ने वर्ष **2026 को** भारत और स्पेन के बीच संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में प्रगति का जश्न मनाने के लिए '**दोहरे वर्ष**' के रूप में चिह्नित किया है।

- भारत और स्पेन के बीच वर्तमान में **10 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का वार्षिक व्यापार है, जिसमें रेलवे, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, ड्रोन और अंतरिक्ष अन्वेषण जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

## विविध

- क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष (FY25) में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर में सुधार होकर 6.7% होने का अनुमान है।
- दूरसंचार विभाग के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र सी-डीओटी ने 6जी के लिए टीएचजेड कम्युनिकेशन फ्रंट एंड्स के लिए बिल्डिंग ब्लॉक्स के विकास के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

❍❍❍❍